दिल्ली नगर निगम
पशु चिकित्सा सेवा विभाग
सिविक सेन्टर, नई दिल्ली

बंदरो को पकड़ने हेतु प्रस्तावों का आमंत्रण

दिल्ली में बन्दरो की समस्या के नियंत्रण हेतु दिल्ली नगर निगम माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार दिल्ली नगर निगम क्षेत्र से बन्दरो को पकड़कर दिल्ली सरकार के अधीन असोला भाटी माइंस वन्यजीव अभ्यारण्य में पुनर्वास के लिए छोड़ता हैं जहां पर वन्यजीव अभ्यारण्य विभाग द्वारा उनका खाना–पीना व रखरखाव किया जाता है।

दिल्ली नगर निगम ने प्रति बन्दर पकड़ने के लिए 1800/– रुपये निर्धारित किये हैं, जिसमे बन्दरों को पकड़ने के लिए भोजन जैसे मूंगफली केले आदि पर होने वाला व्यय भी शामिल है। इच्छुक अनुभवी व्यक्ति/संस्था/गैर सरकारी संस्था/बन्दर पकड़ने वाले ठेकेदार आदि दिल्ली नगर निगम क्षेत्र से बन्दर पकडने के कार्य हेतु अपर निदेशक–II (मो.न. 8588888464) के कार्यालय 17वीं मंजिल, ब्लॉक–ई, 4 बी, सिविक सेन्टर, दिल्ली नगर निगम, निकट नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस प्रातः 10:00 बजें से सांय 05:00 बजें तक अपना प्रस्ताव व्यक्तिगत रुप से अथवा डाक द्वारा जमा करा सकतें है।

डॉ. हेमन्त कौशिक
अपर निदेशक–II
पशु चिकित्सा सेवा विभाग